राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 01 अगस्त। राजस्थान सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलात विभाग के मंत्री श्री प्रतापसिंह खाचरियावास तथा कृषि विपणन, सम्पदा (स्वतंत्र प्रभार), पर्यटन, नागरिक उड्डयन विभाग के राज्यमंत्री श्री मुरारीलाल मीणा ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री प्रतापसिंह खाचरियावास तथा श्री मुरारीलाल मीणा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्री के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र चौधरी एवं सचिव श्री देशराज मीणा मौजूद रहे।

चतुर्वेदी ने बताया कि अगली जनसुनवाई मंगलवार, दिनांक 02 अगस्त, 2022 को होगी। मंगलवार, 02 अगस्त को शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला तथा उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्री राजेन्द्र सिंह यादव जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, सचिव श्री विशाल जांगिड़ एवं श्री भूराराम सिरवी इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter